कार्ययोजना | निवेशकों के लिए दिसंबर 25 तक तैयार होगा 53 हजार एकड़ का भूमि बैंक , निवेश के सर्वाधिक अनुकूल बनाने की मुहिम

बुंदेलखंड में हर माह 4000 एकड़ भूमि खरीदेंगे

लखनऊ, विशेष संवाददाता । उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड हिस्से में उद्योगों की आमद बढ़ाने के लिए इस साल तक 53 हजार एकड़ का भूमि बैंक तैयार किया जाएगा। इस जमीन पर सोलर प्लांट, फार्मा इंडस्ट्री, खाद्य एवं प्रसंस्करण, डेयरी व अन्य उद्योग लगाए जाएंगे।

योगी सरकार का अब पूरा फोकस बुंदेलखंड इलाके में नई औद्योगिक परियोजनाएं बढ़ाने पर है। यहां नोएडा की तर्ज पर नया औद्योगिक शहर विकसित करने के लिए बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) को सरकार ने हर महीने 4000 एकड़ जमीन खरीदने के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। फरवरी 2024 से मार्च 2025 तक 16800 एकड़ जमीन खरीदी जा चुकी है। जुलाई 2025 तक 800 हेक्टेयर अधिग्रहीत या खरीदी गई जमीन पर इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में बिजली, पानी व सड़क उपलब्ध कराने के लिए डीपीआर बन जाएगी।

08 सौ हे. भूमि पर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए डीपीआर बनाने की तैयारी

- केवल बुंदेलखंड में निवेश के लिए योगी सरकार ला रही है एंकर नीति
- बीडा अगस्त तक एंकर निवेशकों को भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू करेगा

एक्सप्रेसवे के लिए जल्द चयनित होगी सलाहकार कंपनी

यहां डिफेंस कारिडोर के तहत झांसी व चित्रकूट नोड में रक्षा उद्योग लग रहे हैं तो बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे सोलर पार्क भी बनने जा रहे हैं। एक्सप्रेसवे के किनारे इसके अलावा औद्योगिक कारिडोर भी बनेगा। 119 किमी का झांसी लिंक एक्सप्रेसवे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा। साथ ही चित्रकूट से रीवा लिंक एक्सप्रेसवे (वाया राष्ट्रीय राजमार्ग 30) 70 किमी का होगा। बुंदेलखंड की इन दोनों परियोजनाओं के लिए जल्द सलाहकार कंपनियों का चयन किया जाएगा।

एंकर इन्वेस्टर नीति लाने की तैयारी : योगी सरकार केवल बुंदेलखंड में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा के लिए नई नीति लाने जा रही है। इसमें बड़े स्तर पर लगने वाली एंकर निवेशकों के लिए नई एंकर इन्वेस्टर नीति लाने की तैयारी है। बीडा ने नीति का मसौदा बना कर औद्योगिक विकास विभाग को भेज दिया है। इसमें एंकर इकाइयों को खास रियायतें दी जाएंगी। इनमें सस्ती जमीन देने का भी प्रावधान है।